Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 216 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



श्रम शब्द में ही श्रम और संयम की प्रतिष्ठा है।
labor has the altitude of labor and control.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम विष्णुदेव साय ने सुषमा स्वराज को उनकी जयंती पर किया नमन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज की जयंती (14 फरवरी) पर उन्हें नमन करते हुए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुषमा स्वराज जी भारतीय राजनीति में नारीशक्ति की एक प्रेरणादायी प्रतीक थीं। वे प्रखर वक्ता, प्रभावशाली नेत्री और पद्म विभूषण सम्मान से अलंकृत महान विभूति थीं, जिन्होंने अपने समर्पण, कर्तव्य परायणता और उत्कृष्ट नेतृत्व से भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी।

### रजत पाटीदार आरसीबी के कप्तान बने, कोहली बोले- आप इसके हकदार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रजत पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नए कप्तान बनाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को ङ्ग पोस्ट के जरिए रजत को नया कप्तान घोषित किया। इससे पहले विराट कोहली को कप्तान बनाए जाने की अटकलें थी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ। फ्रेंचाइजी ने कोहली का एक वीडियो शेयर किया, इसमें उन्होंने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है।

# मुख्यमंत्री साय ने मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ लगाई आस्था की डुबकी





**प्रयागराज (विसं)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पूरे मंत्रिमंडल, सांसद और विधायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हैं. सभी संगम में पहुंच चुके हैं. सीएम साय ने सभी के साथ डुबकी लगाई. सभी लोग क्रूज में सवार होकर संगम में पहुंचे।

बता दें कि महाकुंभ में स्नान करने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट के मंत्री, बीजेपी के विधायक, सांसद और कांग्रेस के 6 विधायक आज प्रयागराज पहुंचे हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा आज छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस के भी विधायक सभी प्रयागराज जा रहे हैं. संगम में स्नान कर सभी पुण्य के भागी बनेंगे. मां गंगा से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए कामना करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने प्रयागराज जाने को लेकर कहा, प्रयागराज की भूमि को वंदन करने जा रहे हैं. नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ वापस आएंगे और नए विश्वास के साथ अपने आस्था को आगे बढ़ाएंगे. मां गंगा से सीएम साहब के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना करेंगे. छत्तीसगढ़ की जनता से मुख्यमंत्री रात के दो बजे तक मिलते रहते हैं, छत्तीसगढ़ की जनता से उनका मिलना कायम रहे, सीएम की एनर्जी बनी रहे, यही प्रार्थना करेंगे।



## राज्यपाल डेका ने महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी संगम में किया स्नान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्रद्धा और आस्था के प्रतीक 'महाकुंभ' के अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान कर प्रदेश एवं समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि सनातन के इस महापर्व के अवसर पर डुबकी लगाना परम सौभाग्य की बात है। ऐसे पुण्य क्षणों का लाभ लेना अत्यंत सुखद एवं मन को शांति प्रदान करने वाला होता है। इस अवसर पर राज्यपाल के परिजन भी उपस्थित थे।

## मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद राज्यपाल अजय भल्ला ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश की। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते बीरेन सिंह की लगातार आलोचना हो रही थी। जिसके बाद उन्होंने पिछले सप्ताह अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि 'ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती।

## 60 लाख की डकैती मामले में करीबी निकला मास्टरमाइंड

### दोस्त और उसकी पत्नी के साथ मिलकर की वारदात; 59.50 लाख रुपए बरामद

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर में 60 लाख की डकैती केस में पीड़ित का एक करीबी ही डकैती का मास्टरमाइंड निकला। खुलासे से पहले ही भास्कर को ये इनपुट मिल गए थे। अब पुलिस ने भी इसी बात का खुलासा करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 59 लाख 50 हजार रुपए भी बरामद किए हैं।



ढ्ढत्र अमरेंद्र मिश्रा ने वारदाता का खुलासा करते हुए बताया कि, 36 घंटे के अंदर हमने 10 आरोपियों और लगभग पूरी रकम को जब्त करने में सफलता पाई है। डकैती का उद्देश्य पारिवारिक पैसों के बंटवारे को लेकर था। पीड़ित की एक बहन ने रिटायर्ड सूबेदार के साथ मिलकर शातिर ढंग से पूरी योजना बनाई थी।

इसमें 2 नागपुर और बिलासपुर, नांदगांव, दुर्ग के एक-एक लोग घर में घुसे थे। इसके अलावा 5 लोग और योजना में शामिल थे जो रैकी करने, पुलिस पर निगरानी रखने का काम कर रहे थे। घटना 5-6 घंटे बाद ही पैसों का बंटवारा हो गया था। आरोपी भागने के फिराक में थे लेकिन पुलिस को लीड मिली और हमने गिरफ्तारियां की।

पीड़ित वेलु परिवार काफी बड़ा है। यह आठ भाई-बहन है। जिस जमीन को परिवार ने बेची थी। उसे लेकर परिवार के लोगों के बीच विवाद था।

## पीएम मोदी अमेरिका पहुंचे, आज रात डोनाल्ड ट्रम्प से मिलेंगे



**पेरिस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों की यात्रा पर गुरुवार तड़के अमेरिका पहुंचे। इस यात्रा में पीएम मोदी भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 2:30 बजे राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलेंगे। इस मुलाकात में दोनों नेता टैरिफ और अवैध भारतीय अप्रवासियों समेत कई मुद्दे पर बात करेंगे।

मोदी और ट्रम्प के बीच करीब 45 मिनट बात होगी। इसके बाद भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 3.40 बजे जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस हो सकती है। अमेरिका पहुंचकर भारतीय पीएम ने सबसे पहले यूएस नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से मुलाकात की।

पीएम मोदी ट्रम्प के अलावा कई बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेंगे। अमेरिका पहुंचने से पहले मोदी फ्रांस के दौरे पर थे। यहां उन्होंने फ्रेंच राष्ट्रपति के साथ AI समिट की सह-अध्यक्षता की और कई द्विपक्षीय मुद्दों पर बात की।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा स्तर को वर्ल्ड क्लास बनाया जाए, संसद में बृजमोहन ने उठाया मामला

### शिक्षकों के प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने की जरूरत : बृजमोहन



**रायपुर/नई दिल्ली (विसं)।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ और झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से जानकारी मांगी कि किस तरह की चुनौतियाँ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में आ रही हैं और शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि केंद्र सरकार समग्र शिक्षा योजना के तहत राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में वर्तमान में 2,415 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 5,39,907 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें लड़कियों की संख्या 49.63 प्रतिशत है।

बृजमोहन अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा के विस्तार को लेकर सवाल उठाया, जिस पर केंद्रीय मंत्री प्रधान ने बताया कि पीएम ई-विद्या योजना के तहत छत्तीसगढ़ में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी प्रयोगशालाओं का विस्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ा जा रहा है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने रायपुर और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए नवाचार और डिजिटल शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।

# आईपीएस 2025 : सतत् विद्युत उत्पादन के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता

**एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वर्ण शक्ति और बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स में ओवरऑल चैंपियन जीता**















**रायपुर (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी रायपुर में 13 से 15 फरवरी 2025 तक अपने फ्लेगशिप कार्यक्रम भारतीय पावर स्टेशन प्रचालन व अनुरक्षण सम्मेलन (आईपीएस 2025) की शुरुआत की। एनटीपीसी सिंगरौली की पहली इकाई के कमीशनिंग के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सम्मेलन में 'विश्वसनीय और सतत उत्पादन, परिसंपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा परिवर्तन' विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योग के अग्रणी, पेशेवरों और विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया।


श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) ने उद्घाटन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी ने देश भर में थर्मल पावर स्टेशनों के प्रचालकों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया है। हमने एनटीपीसी के महत्वपूर्ण योगदान के साथ इतिहास में पहली बार 50 मिलियन टन कोयला भंडार बनाए रखा है। आने वाले समय में बढ़ती चुनौतियों के लिए हमें रखरखाव प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा तथा प्रचालन डाटा का विस्तृत विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे सभी कंपनियों को पर्यावरण निरंतरता को प्राथमिकता देने और अपने पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के प्रदर्शन की बारीकी से निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष श्री घनश्याम प्रसाद ने एनटीपीसी की 50वीं वर्षगांठ पर पहुंचने पर सराहना की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन के लिए एनटीपीसी का व्यापक दृष्टिकोण स्पष्ट है, जिसमें सीसीयूएस जैसी पहल के माध्यम से थर्मल पावर को स्वच्छ बनाए रखने का प्रयास शामिल हैं। उन्होंने वेंडर विकास को बढ़ावा देने पर एनटीपीसी के केंदित प्रयास की सराहना की, जो आपूर्ति श्रृंखला में बाधा को हल करने में मदद करेगा।

श्री गुरदीप सिंह, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एनटीपीसी लिमिटेड ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जैसा कि हम भारतीय पावर स्टेशन 2025 के लिए एकत्र हुए हैं, हमारा ध्यान सभी पावर स्टेशनों में आर एंड एम के लिए समयबद्ध कार्यक्रमों को लागू करने पर होना चाहिए। नवोन्मेषी उपायों के माध्यम से हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से हमारी दक्षता और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। विकसित पावर ग्रिड और ऊर्जा क्षेत्र के गतिशील स्वरूप के कारण यह जरूरी है कि हम अपने दृष्टिकोण में अनुकूलन और अधिक चुस्त और प्रयोगात्मक हों।

श्री रवीन्द्र कुमार, निदेशक (प्रचालन) ने एनटीपीसी परिवार की ओर से इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों और सम्मानित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (ईंधन) श्री शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (परियोजना) श्री के एस सुंदरम, निदेशक (मानव संसाधन) श्री एके जाडली, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती रश्मिता झा, विद्युत मंत्रालय , सीईए, सीईआरसी, एनटीपीसी, जेनको और अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर परियोजनाओं और स्टेशनों को एनटीपीसी स्वर्ण शक्ति पुरस्कार (2023-24) और एनटीपीसी बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स (2024-25) भी प्रदान किए गए। आईपीएस 2025 का एक अन्य प्रमुख आकर्षण टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी है जिसमें अत्याधुनिक तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटलीकरण और कई विक्रेताओं और निर्माताओं के रचनात्मक समाधान शामिल हैं।



www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025



## संक्षिप्त समाचार

### लोकपाल सुरेंद्र ने कुदरगढ़, घूर रोजगार गारंटी योजनाओ का किया निरीक्षण



**सुरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )** लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने ओडगी विकास खंड के ग्राम पंचायत कुदरगढ और घुर मे चल रहे रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यो का निरिक्षण किया। ईस दौरान लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का भी निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौर हितग्राहियों से चर्चा करते हुए अपना मकान अच्छे से बनाने को कहा ।निरिक्षण के दौरान लोकपाल सुरेन्द्र कुमार ने रोजगार गारंटी योजना मे बन रहे अनेक कार्यों का निरिक्षण किया और गुणवत्ता पुर्वक निर्माण करने का निर्देश दिया निरिक्षण के दौरान कुदरगढ और घुर के हितग्राही , मेट, रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।

### आईटीआई भटगांव में मेहमान प्रवक्ता के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–प्रशिक्षण सत्र 2024 –25 के लिए नोडल क्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत संचालित आईटीआई भटगांव में प्रशिक्षण अधिकारी के विरूद्ध रिक्त पद हेतु एक वर्ष के लिए गणित / ड्राईंग एवं कोपा विषय में 01–01 मेहमान प्रवक्ता के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2025 है ।आवेदन संबंधित जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

### एस ई सी एल बिश्रामपुर ने आईटीआई में प्रशिक्षण हेतु डिजिटल सामग्री वितरण में किया सहयोग




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** –सूरजपुर जिला नोडल क्षेत्र आईटीआई सूरजपुर अंतर्गत संचालित सूरजपुर, रामानुजनगर एवं शिवनंदनपुर आईटीआई हेतु कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के द्वारा एस0ई0सी0एल0 विश्रामपुर के सी0एस0आर0 मद से 21 नग सी.पी.यु. 21 नग मॉनिटर, 21 नग कीबोर्ड माउस कुल 21 (एक्कीस कम्प्युटर) सेट आईटीआई में प्रशिक्षण सम्पन्न कराने हेतु नोडल आईटीआई सूरजपुर को प्रदाय किया गया है तथा नोडल आईटीआई सूरजपुर से प्राप्त कम्प्यूटर को आईटीआई रामानुजनगर शिवनंदनपुर एवं सूरजपुर को सात–सात कम्प्यूटर सेट वितरण किया गया।

### लोकतंत्र के प्रति समर्पण: लकवाग्रस्त होने के बावजूद अशोक केरकेट्टा ने डाला वोट

**कोरबा।** लोकतंत्र में भागीदारी की मिसाल कायम करते हुए रिस्दी निवासी 50 वर्षीय श्री अशोक केरकेट्टा ने लकवाग्रस्त होने पर भी नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मतदान किया। छह महीने पहले लकवे का शिकार हुए अशोक के शरीर का बायां हिस्सा प्रभावित हो गया था, जिससे उन्हें चलने–फिरने में कठिनाई होती है।इसके बावजूद, लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए उन्होंने हिम्मत दिखाई और लाठी के सहारे न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल के मतदान केंद्र पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा, मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। अगर मैं इतनी मुश्किलों के बाद भी वोट डाल सकता हूं, तो हर नागरिक को जरूर मतदान करना चाहिए। उनकी इस भावना ने अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित किया। मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने उनके जज़्बे की सराहना की। अशोक केरकेट्टा का यह कदम लोकतंत्र की मजबूती और जागरूकता का प्रतीक बन गया है।

# सूरजपुर पुलिस ने पीएसीएल चिटफण्ड कंपनी के 2 और डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–चिटफण्ड कंपनी के विरूद्ध लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए थे। इसी परिपेक्ष्य में थाना सूरजपुर पुलिस ने धोखाधड़ी व चिटफण्ड के धाराओं के तहत पंजीबद्ध 2 प्रकरणों में कंपनी के 2 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है।



वर्ष 2016 में ग्राम केतका निवासी कमल सिंह केराम एवं ग्राम गंगोटी, चौकी बसदेई निवासी रनमेत बाई ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि पीएसीएल कंपनी के डायरेक्ट एवं अन्य लोगों के द्वारा पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर रूपया जमा कराया गया जो मैच्यूरिटी अवधि पूर्ण होने पर भी पैसा वापस नहीं कर धोखाधड़ी किया गया। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में क्रमश: अपराध क्रमांक 96/16 व अपराध क्रमांक 182/16 धारा 420, 120बी भादसं., 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन अधिनियम 1978, छ.ग. निक्षेपकों के हितों की संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पूर्व में कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह व जोगेन्दर टाईगर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर दिल्ली में है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने दबिश देकर कंपनी के डायरेक्टर आरोपी सुब्रोत भट्टाचार्य पिता स्व. बिरेश्वर उम्र 64 वर्ष निवासी एफ-19 साउथ सिटी–1 गुरूग्राम, थाना सेक्टर 40 जिला गुरूग्राम हरियाणा तथा गुरमीत पिता स्व. कुलवंत सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी डीपी 9 मौर्या इलक्लेव प्रितमपुरा थाना मौर्या इनक्लेव दिल्ली नार्थ वेस्ट को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर थे और अन्य डायरेक्टर के साथ मिलकर निवेशकों के राशि को डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के हजारों निवेशकों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी किये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई गंगासाय पैंकरा, एएसआई संजय सिंह, मनोज द्विवेदी, नंदलाल सिंह, आरक्षक राजेश्वर सिंह व रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

चिटफण्ड कंपनी के विरूद्ध लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए थे। इसी परिपेक्ष्य में थाना सूरजपुर पुलिस ने धोखाधड़ी व चिटफण्ड के धाराओं के तहत पंजीबद्ध 2 प्रकरणों में कंपनी के 2 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है।

वर्ष 2016 में ग्राम केतका निवासी कमल सिंह केराम एवं ग्राम गंगोटी, चौकी बसदेई निवासी रनमेत बाई ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि पीएसीएल कंपनी के डायरेक्ट एवं अन्य लोगों के द्वारा पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर रूपया जमा कराया गया जो मैच्यूरिटी अवधि पूर्ण होने पर भी पैसा वापस नहीं कर धोखाधड़ी किया गया। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में क्रमश: अपराध क्रमांक 96/16 व अपराध क्रमांक 182/16 धारा 420, 120बी भादसं., 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन अधिनियम 1978, छ.ग. निक्षेपकों के हितों की संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पूर्व में कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह व जोगेन्दर टाईगर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर दिल्ली में है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने दबिश देकर कंपनी के डायरेक्टर आरोपी सुब्रोत भट्टाचार्य पिता स्व. बिरेश्वर उम्र 64 वर्ष निवासी एफ-19 साउथ सिटी–1 गुरूग्राम, थाना सेक्टर 40 जिला गुरूग्राम हरियाणा तथा गुरमीत पिता स्व. कुलवंत सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी डीपी 9 मौर्या इलक्लेव प्रितमपुरा थाना मौर्या इनक्लेव दिल्ली नार्थ वेस्ट को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि पीएसीएल कंपनी का डायरेक्टर थे और अन्य डायरेक्टर के साथ मिलकर निवेशकों के राशि को डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के हजारों निवेशकों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी किये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई गंगासाय पैंकरा, एएसआई संजय सिंह, मनोज द्विवेदी, नंदलाल सिंह, आरक्षक राजेश्वर सिंह व रविराज पाण्डेय सक्रिय रहे।

## ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, 6 निकाय में ऐतिहासिक मतदान सरकार के प्रति जनता का विश्वास का प्रतिक : अनिल चंद्राकर

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** मंगलवार को जिले के सभी 6 निकायों में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव में मतदाताओं ने जमकर मतदान किया।





जिससे गरियाबंद जिला भी मतदान के मामले में पूरे प्रदेश में दूसरे नंबर में है। जिले में कुल 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिले में अत्यधिक मतदान के बाद भाजपा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिले के सभी 6 निकायों में जीत का दावा किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार जिले के 6 निकायों में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया है वह प्रदेश सरकार के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विधानसभा और लोकसभा के बाद जैसा उत्साह निकाय चुनाव में भी दिखाया उससे स्पष्ट है कि निकाय में भी ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। जिले के सभी 6 निकाय दौरा और समीक्षा करने के बाद जिला अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी एकजुटता के साथ मैदान में उतरी थी, चुनाव के दौरान भाजपा के एक–एक कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने पार्टी की अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने के लिए अंतिम समय तक कड़ी मेहनत की। वही कांग्रेस में गुजबाज़ी हावी रही। चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी अकेले ही मेहनत करते दिखे। एसएससी देखते हुए उन्होंने विश्वास दिखाया भाजपा चुनाव में बड़े अंतर से जितने जारी है।

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार ने बेहतर काम कर रही है। भाजपा ने मोदी के सभी गारंटी को पूरा किया। महिला बहनों को हर माह महतारी वंदन की किश्त मिल रही है। किसान भाइयों को धान का 3100 प्रति क्विंटल मिल रहा है। इसके साथ ही कल्याणकारी योजनाओं से सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है। जिससे भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है, जनता ये समझ चुकी है भाजपा ही विकास का दूसरा पर्याय है। सिर्फ वादे करती ही नहीं उसे पूरा भी करती है। उन्होंने

जिले के सभी 6 निकाय में भाजपा के जीत का दावा करते हुए कहा कि चुनाव में जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। भाजपा सभी निकाय में जीत दर्ज कर इतिहास रचेगी। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार जताया है।

ज्ञात हो कि जिले में कुल 84.66 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें नगर पंचायत कोपरा में सर्वाधिक 88.87 प्रतिशत मतदान हुआ। नागरिकों ने बढ़–चढकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार देवभोग अंतर्गत 88.69 प्रतिशत, फिंगेश्वर में 86.08, राजिम में 84.53, गरियाबंद में 82.28 एवं नगर पंचायत छुरा में 79.53 प्रतिशत मतदान हुआ

## एसएसपी सूरजपुर ने पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के प्रभारियों की बैठक ली



### शिकायत मिलने पर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को तत्काल पहुंचने का दिया निर्देश

**सूरजपुर ब्यूरो- ( दैनिक विश्व परिवार )** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने गुरूवार, 13 फरवरी 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना–चौकी प्रभारी व पंचायत चुनाव के दौरान लगाए गए सभी पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जिले में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती किस प्रकार की गई है, संख्याबल क्या है, पेट्रोलिंग कितने मतदान केन्द्रों को कंवर करेंगी, रूटचार्ट क्या है उसे मैप और पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया और कुशलतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्ण सावधानी के साथ मतदान दल को मतदान केन्द्र तक पहुंचाए और मतदान उपरान्त सुरक्षित वापसी कराये, चुनाव के दौरान वायरलेस सेट के माध्यम से पुलिस कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क रहे और सजगता के साथ नियमित रूप से मतदान केन्द्रों का जायजा लेते रहे, किसी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर रिस्पांश टाईम में मौके पर पहुंचे और जरूरी कदम उठाए और व्यवस्था का सुचारू बनाए रखे। उन्होंने थाना प्रभारियों को कहा कि मतदान केन्द्र में लगा पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान मतदान केन्द्र पर क्या करें, क्या न करें उसके बारे अवगत कराए और जिले में शांतीपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिले में अंतरर्राज्जीय, सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में 12 स्थापित नाकों पर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर रहे तथा संदिग्ध व वाहनों की दुरुस्त चेकिंग की जाए ताकि किसी प्रकार से अवैध वस्तुओं की तस्करी न हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का, जिले के थाना–चौकी प्रभारी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व सभी पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मतगणना विधि के प्रावधान व आयोग के अद्यतन निर्देश के अनुरूप ही करे मतगणना कार्य- कलेक्टर

### मतगणना दिवस पर विद्युत बाधित न हो विद्युत विभाग को मिला निर्देश

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** –आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत आगामी 15 फरवरी को होने वाले मतगणना और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगन्नाथ वर्मा, नोडल, सभी आरओ/एआरओ, निर्वाचन से संबंधित अधिकारी व पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में निर्धारित मतगणना स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ 15 फरवरी को होने वाली मतगणना के पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित विधि के प्रावधान



व प्रक्रिया से संबंधित आयोग के अद्यतन निर्देश के अनुरूप मतगणना कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया की स्थानीय निर्वाचन में प्रत्याशियों के बीच हार व जीत का अंतर बहुत कम रहता है इसलिए आवश्यक की मतगणना कार्य में प्रत्येक स्तर पर सतर्कता व सावधानी बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना टेबल पर चेकलिस्ट अनुरूप सामग्री व प्रारूप उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर भी चर्चा की गई। पंचायत निर्वाचन हेतु निर्धारित समय सारणी अंतर्गत तीनों चरणो के मतदान दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाये इस बात पर विशेष जोर दिया गया है। समीक्षा के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं जैसे भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रेम्प और मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मतदान व मतगणना दिवस पर पुख्ता बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई। बिजली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही पंच, संरपंच, जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के मतपत्रों के संबंध में भी चर्चा की गई ।मुद्रणालय में मतपत्रों के मुद्रण के पूर्व प्रूफ रीडिंग पर विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिये गए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने नोडल, आरो/ एआरो और निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित निर्वाचन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। पुलिस पेट्रोलिंग पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने क्रमवार मतदान केंद्र में लगे बल का विवरण, थाना/चौकी मतदान केन्द्रो की जानकारी, पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के कार्यक्षेत्र, थाना पुलिस पेट्रोलिंग, पुलिस नाकाबंदी की जानकारी इत्यादि के संबंध में जानकारी मुहिया कराई।

# संपादकीय

## दुर्व्यवहार की शिकार महिला-लड़कियां.....

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई और वे वाह्ट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतवाए और नग्न वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है। भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके। पूर्व प्रेमियों के ऐसे र्दु०?यवहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

**उमेश चतुर्वेदी**

केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता



ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फउनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी। केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं। केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए। शुरू में उनकी बहानेबाजी तो चली,लेकिन बाद में लोगों ने समझना शुरू कर दिया कि वे सिर्फहवा-हवाई दावे करते हैं और बहानेबाजी के जरिए खुद को बचा ले जाते हैं। 2022 में पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने महिलाओं को हजार रूपए महीने देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उन्हें यह रकम नहीं दे पाए। पंजाब रोडवेज की बसों में महिलाओं को फ्री सहूलियत देने के चलते पंजाब रोडवेज घाटे में है। इसकी वजह से महीनों तक कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही। सूचना और संचार क्रांति के दौर में ये सारी बातें दिल्ली की जनता तक पहुंचती रहीं। इसका असर यह हुआ कि केजरीवाल से लोगों का भरोसा खत्म हो गया। पिछले दो चुनावों तक केजरीवाल नैरेटिव तैयार करते थे और उनके विपक्षी उसका जवाब देते थे। इस बार भी महिलाओं को 21 सौ रूपए महीने देने और उसके लिए उनके फॉर्म भरवाकर नैरेटिव स्थापित कर दिया था। लेकिन बाद में बीजेपी ने उनकी काट शुरू की। उसने अपना पंद्रह सूत्रीय संकल्प पत्र पेश किया। महिलाओं को 2500 रूपए महीने की सम्मान निधि देने और 200 की बजाय 300 यूनिट बिजली फ्री देने जैसे ऐलान किए। इसका असर वोटरों पर दिखा। इस बीच बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन के लिए अपने सारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री उतार दिए। मंडल स्तर तक बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बुनियादी स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया, जिन्हें मनाने की जरूरत थी, उन्हें मनाया, सबके योग्य जिम्मेदारी दी। सभी कार्यकर्ता सक्रिय हुए। उन्होंने जमीनी स्तर तक काम किया। इसका असर चुनावों में दिखा। केजरीवाल की पार्टी पस्त रही। खुद केजरीवाल भी हारे हैं, उनके विश्वस्त मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और राखी बिड़लान जैसे नाम चुनावी जंग में खेत रहे हैं। बीजेपी की जीत में कुछ हिस्सेदारी कांग्रेस भी है। हालांकि उसे पिछले चुनाव की तुलना में महज दो फीसद ज्यादा वोट मिले हैं। कांग्रेस को भले ही समर्थन नहीं मिला। कुछ एक जगहों को छोड़ दें तो उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर भी नहीं रहे। लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल के भ्रष्टाचार और उनके बड़बोलेपन के खिलाफ माहौल बनाने में योग जरूर दिया। दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने खुलेआम मोर्चा खोल रखा था। उन्होंने कहा था कि अपनी मां के अपमान का बदला वे जरूर लेंगे। संदीप खुद केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से मैदान में उतरे और केजरीवाल की हार की पटकथा लिखने में मदद की। कांग्रेस ने भी मान लिया है कि उसका असली दुश्मन भारतीय जनता पार्टी की बजाय आम आदमी पार्टी है। इसलिए उसने अपना सारा ध्यान आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार और उसके खिलाफरहा। केजरीवाल के शीश महल का सवाल भले बीजेपी ने उठाया, लेकिन जिस आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल जेल गए थे, उसका भंडाफोड़ कांग्रेस के नेता अजय माकन ने ही किया था। जनता के बीच वे सादगी के साथ आए थे, इसलिए लोगों को उनका शीश महल स्वीकार नहीं हुआ। केजरीवाल ने चुनाव के आखिरी वक्त में एक और गलती कर दी।

## आलेख

# आप का किला बुरी तरह ढ्हा

**योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है। सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे %रेवड़ी संस्कृति' कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे %आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी %आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में आप' को ऐसी आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया।

# विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं

**बलदेव राज भारतीय**

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेडियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे %डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रू ट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रु पये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा। अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं। अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिंक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रु पये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षो तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ। अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता।अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिंक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**ललित गर्ग**

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फलोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फलोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फलोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फलोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय




क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भि है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं। स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है।

## समय का काल चक्र है, कब किसके साथ कैसा घूम जाए कहा नहीं जा सकता



**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** पूजा पूज्यकी की जाती है, और पूज्यता उनके गुणों के कारण आती है, एक भक्त भगवान की पूजा इसलिये करता है कि वह भी एक दिन उनके समान भगवान बन सके उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी डोंगरगढ़ के समाधि स्थल पर आयोजित प्रात:कालीन धर्म सभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।


मुनि श्री ने कहा संसारी भव्यआत्माओं में जब रत्नात्रय के गुणों का प्रकटीकरण होता है, तथा वह परम बंदनीय निर्ग्रन्थ मुद्रा की अबस्था में आते है तो ऐसे पांचों परमेष्ठी के स्वरुप में वर्तमान आचार्य उपाध्याय तथा साधू परमेष्टी की पूजा की जाती है, आप सभी लोग प्रतिदिन देव शास्त्र गुरु की पूजा में अरिहंत सिद्ध परमात्मा को देव का स्वरूप मानकर के उनके गुणों की पूजा करते है, तथा अरिहंत भगवंतों की एवं तीर्थंकर केवलिओं की बाणी को आगम शास्त्र मानकर उनकी पूजा करते है, आचार्य उपाध्याय और साधू तीनों गुरु की श्रैणी में आते है इसलिये इन सभी की पूजा की जाती है।उन्होंने कहा भक्त भगवान की पूजा उनके अंदर के गुणों को पाने के लिये करता है।एक बार आचार्य गुरुदेव ने भक्त और भिखारी में अंतर बताते हुये कहा था कि एक भिखारी भगवान के द्वार पर जाकर भगवान के सामने वह सब कुछ मांगता है जो भगवान ने छोड़ दिया है, वंही एक भक्त भी भगवान के द्वार पर जाकर मांगता है और वह कहता हे कि हे भगवन् आपने जो प्राप्त किया है वह मुझे भी प्राप्त हो अर्थात एक भक्त उनसे उनके गुणों को मांगता है इसलिये जैन परंपरा में भक्त को भक्त कहा जाता है भिखारी नहीं, लेकिन उस भक्त को यह भी विश्वास है कि में भगवान से उनके गुणों को मांग तो रहा हूं और यदि वह गुण न भी मिल पाऐं तो पुण्य के योग से मुझे वह सब तो मिल ही जाऐगा जो भगवान ने छोड़ा है, जैसे वृक्ष के नीचे जाकर छाया मांगने की जरूरत नहीं पड़ती वह तो विन मांगे ही मिल जाती है उसी प्रकार सांसारिक सुखों को मांगना नहीं पड़ता वह तो आपको पुण्य के योग से अपने आप मिल जाया करते है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख निशांत जैन निशु ने बताया प्रात:काल भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरांत संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज की संगीतमय पूजन संपन्न हुई इस अवसर पर मुम्बई से महिला महासमिति ऊर्जा संभाग की महिलाओं ने गुरुपूजन में अनन्य भक्ती का अनुराग प्रस्तुत किया इस अवसर पर गोटेगांव तथा बुढार तथा राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से आये भक्त जन उपस्थित थे।

अंत में मुनिसंघ के साथ विहार करा रहे बेगमगंज के संदीप जैन तथा नागपुर परवार पुरा के शीतल जैन की अचानक हुई देह के परिणमन पर चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र कमेटी एवं उपस्थित जन समुदाय द्वारा श्रदांजलि सभा आयोजित की गई इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा जैसा कि मुझे जानकारी मिली शीतल जैन एक धर्म निष्ट कार्यकर्ता थे परवार पुरा नागपुर के रहने बाले एवं नागपुर से मुनिसंघ का विहार करा रहे थे वह पूरी तरह सावधान थे लेकिन समय का काल चक्र है कब किसके साथ कैसा घूम जाऐ कहा नहीं जा सकता उनकी टृक से तो टक्कर नहीं हुई लेकिन वह रोड़ क्रास करते समय अचानक घबरागये और आगे से पीछे हुये इस हड़बड़ाहट में पीछे गिरपड़े मर्मान्तक चोट आई और प्राणांत हो गया।मुनि श्री ने कहा कि यह कर्मो की विचित्रता ही है उन्होंने समस्त परिजनों को आशीर्वाद देते हुये सभी के स्वास्थ लाभ की मनो कामना की।इस अवसर पर चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष किशोर जैन, सप्रेम जैन, महामंत्री निर्मल जैन चंद्रकांत जैन, अनिल जैन, आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। **–अविनाश जैन**

## कुण्डलपुर में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस 18 फरवरी को भव्य सर्वधर्म सभा का आयोजन

### सभी धर्मों के धर्मगुरु होंगे शामिल




**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में महान् समाधिसम्राट युगश्रेष्ठ संत शिरोमणी प.पू.आचार्य श्री108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर 18 फरवरी मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे से भव्य सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रहित चिंतक, महासमाधिधारक आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज ने उत्कृष्ट संयम से स्वयं के साथ अत्यंत करुणाकर प्राणी मात्र के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया ऐसे महामनीषी की समाधि छत्तीसगढ़ के चंद्रोदय तीर्थ डोंगरगढ़ पर हुए एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। पूज्य गुरुवर ने अपने जीवन का अधिकतम तपश्चरण बुंदेलखंड की पावन वसुधा कुण्डलपुर की कुण्डलाकार पहाड़ियों के मध्य किया। ऐसे करुणानिधि के प्रथम समाधि दिवस 18 फरवरी पर विद्या निधि प.पू.आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया है जिसमें देश के विभिन्न अंचलों के सभी धर्म के धर्मगुरु, विद्वतगण सम्मिलित हो रहे हैं। इस अद्वितीय, आध्यात्मिक सर्वधर्म सभा में श्रद्धालुओं से कुण्डलपुर पधारने का अनुरोध कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 लवकुश नगर में दस लाख रु. की लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन

**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका के वार्ड क्र. 13 लवकुश नगर में दस लाख रूपये के लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि हमारे नगर पालिका क्षेत्र जामुल के विभिन्न वार्डों में समान रूप से विकास कार्य चल रहा है। नगर वासियों के अपेक्षा के अनुरूप एवं हमारे परिषद के सभी सम्मानीय सदस्यों के अनुशंसा के अनुसार उनके प्राथमिकता अनुरूप विकास कार्य हो रहा है। आज जिस सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन हुआ है। उसकी लागत दस लाख रूपये का है। विकास कार्य के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार एवं हमारे उच्च जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हमारे जामुल नगर पालिका में नित्य नये विकास कार्य हो रहे हैं जो कि सभी के सामने है। साथ ही मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि हमारे नगर पालिका के हर क्षेत्र में सभी प्रकार के विकास हो जिसका लाभ सभी वर्गों को मिले। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कविता विश्वाल, वार्ड 05 के पार्षद दीपक गुप्ता, पंडित देव बिहारी मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



### जामुल के विकास यात्रा में वार्ड क्र.-7 में सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ करवाया गया

**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका जामुल में विकास कार्य लगातार तेजी से हो रहे हैं जामुल के विकास यात्रा में वार्ड 07 में सीमेंटीकरण कार्य प्रारंभ करवाया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने श्री फल तोड़ कर सीमेंटीकरण कार्य के संबंध में बताया कि यह कार्य हमारे परिषद के सम्मानीय पार्षद श्रीमति अश्वनी साहू के पार्षद निधि से हो रहा है। जिसकी लागत राशि एक लाख रूपये है। जिसमें कि वार्डवासियों को आने जाने में सुविधा हो। इसी प्रकार हमारे नगर पालिका जामुल विभिन्न के वार्डों में हमसब जनप्रतिनिधि गण आपसी तालमेल एवं सहमति बनाकर वार्डों के जनता के मांग अनुरूप विकास कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य होता रहेगा। कार्य प्रारंभ होने के अवसर पर पार्षद अश्वनी साहू, कपिल देशलहरा, लेखराम साहू, आशा भारती, बंशी साहू, विश्वासा बाई, धनसिंग साहू, प्रीति बाई सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



## जेईई मेन: 99.59 परसेंटाइल के साथ रूद्रांश ने किया महाराष्ट्र मंडल का नाम रोशन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन जनवरी सेशन के घोषित परिणाम के मुताबिक महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद डॉ. सुनील गोल्हानी के सुपुत्र रूद्रांश गोल्हानी ने 99.59 परसेंटाइल हासिल कर अपने परिजनों के साथ महाराष्ट्र मंडल व पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। रूद्रांश की इस उपलब्धि पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते और पूरी कार्यकारिणी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विशेषज्ञों की माने तो जिनका परसेंटाइल 99 से अधिक है, उन्हें शीर्ष एनआईटी जैसी तिरछी, वारंगल, सूरत, इलाहाबाद, राऊरकेला, जयपुर में प्रवेश मिलने की संभावना रहती है।

रूद्रांश ने दिव्य महाराष्ट्र मंडल को बताया कि उसका फोकस जेईई एडवांस है। फिलहाल वे बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। जेईई मेन के लिए रिवीजन, होमवर्क और डाउट क्लीयर करने पर ज्यादा जोर दिया। पढ़ाई के साथ रूटीन में उन्होंने खेलने का भी समय निकाला, यानी पढ़ाई के बीच में थोड़ा रिलेक्स होने के लिए समय निकालना भी बेहद जरूरी है। खास बात यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाई रखी, लेकिन कुछ समय मोबाइल पर मूवी जरूर देखा, ताकि दिमाग को थोड़ा आराम दिया जा सके।

## आचार्य श्री ने धर्म के लिए सर्वतोभद्र व स्वास्थ्य के लिए भाग्योदय दिया है : मुनिश्री योग सागर जी महाराज



**सागर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की सोच बहुत बड़ी थी, उन्होंने सागर बालों के लिए स्वास्थ्य लाभ के लिए भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय दिया तो धर्म करने के लिए सर्वतोभद्र जिनालय का निर्माण का आशीर्वाद दिया। जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा तब हम धर्म ध्यान नहीं कर पायेंगे। यह बात निर्यापक मुनि श्री योगसागर महाराज ने भाग्योदय तीर्थ में अपने आर्शीवचन में कही।

मुनि श्री ने कहा कि आत्मा को नरक कौन ले जाता है अशांति के कारण हम समझ नहीं पाए हैं। आत्मा का पतन और उत्थान को प्राप्त है। यह पाप और पुण्य के कारण हो रहा है। पुण्य उत्थान की ओर ले जाता है पाप पतन की ओर ले जाता है। हमें ज्यादा हर्ष और निशाद नहीं करना चाहिए क्योंकि यह सब अपनी आत्मा का परिणाम है। मुनिश्री निरामय सागर महाराज ने कहा रत्नात्रय की प्राप्ति के लिये सागर की मोराजी में आचार्य श्री जी ने योगसागर महाराज जी को मुनि दीक्षा दी थी दिगम्बर ही मोक्ष मार्ग है, बिना दिगंबर के मोक्ष मार्ग की प्राप्ति नहीं हो सकती है। वैसे भी सागर में कई मुनिराज और आर्यिकाओं के भाग्य का उदय हुआ है। आध्यात्म क्या है यह अन्दर की वस्तु है बाहर प्रदर्शन की नहीं। मोरा जी का मतलब मेरा जीवन है आचार्य भगवन नैनागिर तीर्थ क्षेत्र में पहली बार आर्यिका दीक्षाएं दी थी और कहा था आप सभी पुण्यात्मा हो और मोक्ष मार्ग पर जा रहे हो मोक्ष मार्गी हो। मुनि संघ का मंगलगिरी प्रवास के लिए वहां की कमेटी ने श्रीफल भेंट किया। मुनि संघ ने सर्वतोभद्र जिनालय का निर्माण कार्य देखा और निर्माण समिति के सभी सदस्यों से चर्चा की। कमेटी के सदस्यों के सन्दर्भ में पूरी जानकारी मुनि संघ को दी और अगले तीन चार वर्षों में मंदिर निर्माण पूर्ण कराने की बात कही। **–मुकेश जैन ढाना**

## वनों को आग से बचाने की ग्रामीणों से अपील, सूचना देने टोल फ्री नम्बर जारी

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान वनों को आग से बचाव करने के लिए ग्रामीणों से सहयोग प्रदान किए जाने की अपील में कहा गया है कि 15 फरवरी 2025 से अग्नि सीजन प्रारंभ हो रहा है तथा 15 जून 2025 तक चलने वाले अग्नि सीजन में वनों को अग्नि से बचाना विभाग की पहली प्राथमिकता है। अतएव उक्त अवधि में किसी भी नागरिक, ग्रामीणजन को जंगल में आग की घटना का पता चल रहा हो या दिखाई दे रही हो तो कृपया 24X7 टोल फ्री नम्बर 18002337000 पर सूचना देकर प्रकृति की अमूल्य धरोहर वनों को बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। जिससे कांगेर घाटी नेशनल पार्क के अमले और स्थानीय वन संसाधन एवं प्रबंधन समितियों के द्वारा वनों को अग्नि से बचाव हेतु त्वरित प्रयास किया

## राजा श्रेयांस एवं सोम ने दिए मुनि वृषभसागर को आहार...दान तीर्थ का हुआ प्रवर्तन

### हजारों श्रद्धालुओं ने आहार देकर व्रत नियम संयम ग्रहण किया, मुनिश्री ने दिया सूरीमंत्र....पाषाण से परमात्मा की यात्रा पूर्ण

**इक्षु रस का किया पारणा आखा तीज महान, जय जय आदिनाथ भगवान**

**भगवान की गूंजी दिव्य देशना, मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने गणधर के रूप में दिया उपदेश**





**झांसी ( विश्व परिवार )।** महानगर के बड़ागांव गेट बाहर सूंजे खां खिड़की मार्ग निकट चावला कॉलोनी स्थित अयोध्या नगरी के भव्य पांडाल में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया एवं नवीन भैया के निर्देशन में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में राजा श्रेयांस के स्वरूप में श्रीमति सुलोचना – सनत नायक एवं राजा सोम के स्वरूप में श्रीमति प्रियंका – अमरेन्द्र ड्योढिया ने महामुनि वृषभसागर महाराज को इक्षु रस का आहार देकर पारणा करवाकर दान तीर्थ का प्रवर्तन किया। इस अवसर पर हजारों जैन श्रद्धालुओं ने जीवन में व्रत, नियम, संयम पालन करने का संकल्प लिया। पूज्य मुनि संघ के द्वारा सूरीमंत्र देकर पाषाण को परमात्मा में परिवर्तित किया। इस अवसर पर भरत चक्रवर्ती के स्वरूप में श्रीमति पूनम – संजीव जैन मिनी चिरगांव हाथी पर सवार होकर गाजे बाजों के साथ दिग्विजय यात्रा पर निकले। जिनके माध्यम से नगर में जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए गए। ज्ञान कल्याणक के अवसर पर कुबेर इंद्र श्रीमति श्वेता – नितिन जैन ने भव्य समवसरण की रचना की। भव्य समवसरण के मंच उद्घाटन का सौभाग्य श्रीमति देवी जैन, राखी जैन, प्रदीप जैन, रंजना – आलोक जैन विश्वपरिवार को प्राप्त हुआ। महाआरती का सौभाग्य श्रीमति विनोदकुमारी – रमेश चंद्र जैन अछरौनी परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सौधर्म इन्द्र श्रीमति उषा – रवीन्द्र सिंघई सहित समस्त मुख्य पात्रों ने ज्ञान कल्याणक महोत्सव की पूजन अर्चना कर अर्घ्य समर्पित किए। इस अवसर पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के मुख्य मार्गदर्शक अजित जैन, अध्यक्ष संजय सिंघई, कार्याध्यक्ष खुशाल जैन, मुख्य संयोजक दिनेश जैन डीके, परम संरक्षक हुकुमचंद जैन, मुख्य सलाहकार रमेश चंद्र जैन अछरौनी, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप जैन चैनू, उपाध्यक्ष वरुण जैन, रविन्द्र जैन चिरगांव, आलोक जैन, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन, ऑडिटर प्रभात जैन, जिनेन्द्र जैन, संयोजकगण शरद जैन, सचिन सर्राफ, दीपांक जैन, विशाल सिंघई, देवव्रत बब्लू, कमल भुचेरा, सौरभ जैन बैंक, प्रमोद जैन वैरायटी, राजेश जैन लाला, प्रमोद जैन बब्बा, कमलेश जैन कामरेड, सौरभ कामरेड, अनमोल जैन, प्रयास जैन, अंशुल जैन, आयुष जैन सहित सैंकड़ों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार मंच संयोजक अंकित सर्राफ एवं यश सिंघई ने व्यक्त किया।

आयोजन समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार 14 फरवरी को प्रात:काल के दौरान मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा तत्पश्चात विश्वशांति की मंगलकामना के साथ महायज्ञ आयोजित होगा। प्रात: 10 बजे कार्यक्रम स्थल बड़ागांव गेट बाहर सूंजे खां खिड़की मार्ग से मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में गाजे बाजों के साथ श्रीजी की रथयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा नगर के बड़ा बाजार आदि क्षेत्रों में निकाली जाएगी जिसमें आयोजन के समस्त मुख्य पात्र हाथी, घोड़ों एवं बग्गियों पर सवार होगें। **–सौरभ जैन सर्वज्ञ**

## बोर्ड परीक्षा हेतु अभिभावकों की भूमिका पर सेमीनार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** माता-पिता बच्चों की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर उन पर अनावश्यक दबाव ना बनाकर ना तो स्वयं तनाव पालें और न ही बच्चों को तनाव में आने दें। बोर्ड परीक्षा को लेकर तनाव की बजाय उचित तरीके से तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने बच्चों को प्रेरित करें।

कक्षा 5वीं व 8वीं को कुछ दिन पूर्व ही बोर्ड की तरह परीक्षा लेने की घोषणा की गई थी। इसके चलते इन कक्षाओं के विद्यार्थियों सहित पालकों पर भी बोर्ड के अनुसार तैयारी कराने की जिम्मेदारी आ गई। इसी परिपेक्ष्य में वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल पुरानी बस्ती, व प्रोफेसर कॉलोनी में अध्ययनरत कक्षा पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों के पालकों के लिए बोर्ड परीक्षा की तैयारी में माता-पिता की भूमिका पर एक संवाद आयोजित किया गया जिसमें करीब तीन सौ अभिभावक शामिल हुए।

पालकों को संबोधित करते हुए स्कूल संचालक मुकेश शाह ने उनसे अपील की कि वे स्वयं दबाव में ना आकर बच्चों को भी दबाव से परे रखें। बच्चों को परिणाम की चिंता किए बगैर सही तरीके से प्रयास करने प्रेरित करें। व्यवस्थित दिनचर्या में अध्ययन हेतु समय सारिणी बनाकर उसके अनुरूप किए गए प्रयास सार्थक परिणाम अवश्य देते हैं। घर में बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान पैदा करने वाली गतिविधियां कम करें। उस दौरान पालक बच्चों के सामने जोर-जोर से बात ना करें तथा मोबाईल में भी अन्य कमरे में जाकर बातें करें। पढ़ने के दौरान बच्चों को बार-बार किसी छोटे-मोटे काम के लिए ना पुकारें। बच्चों को सकारात्मक बातें बोलकर उनको उत्साहित करें ना कि नकारात्मक बातें कहकर उनको निराश करें। बच्चों की नींद व खानपान पर विशेष ध्यान रखें। बच्चों को लगातार पढ़ने से मना करें तथा कहें कि बीच में ब्रेक लेकर थोड़ा मनोरंजन वाली गतिविधियों पर ध्यान दें।

## अमृत भारत योजना : रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य तेजी से जारी

### रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प, आधुनिक यात्री सुविधाओं से परिपूर्ण होंगे, अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में भिलाई स्टेशन का कार्य पूर्ण




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में स्थित 15 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद कुमार के मार्गदर्शन में तेजी से प्रगति कर रहा है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करके यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक, सुरक्षित और स्तरीय बनाया जा रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा इस योजना के तहत मंडल में यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जोकि यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

मंडल के 15 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है जिनमे 1) भाटापारा, (2) भिलाई पावर हाउस, (3) तिल्दा-नेवरा, (4) बेल्हा, (5) भिलाई, (6) बालोद, (7) दल्ली राजहरा, (8) भानुप्रतापपुर, (9) हथबंद, (10) सरोना, (11) मरोदा, (12) मंदिर हसौद, (13) उरकुरा, (14) निपनिया, (15) भिलाई नगर, शामिल हैं। भिलाई स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में कार्य सर्वप्रथम पूर्ण हो चुका हैं।

स्टेशनों की सुंदरता, स्वच्छता और यात्री सेवाओं का उच्चतम स्तर सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही पर्यावरण-अनुकूल तकनीक और डिज़ाइन से पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिससे इनकी स्थिरता और साज-सज्जा में वृद्धि हो रही है। पुनर्विकास कार्य दीर्घकालिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिससे रेल सेवाओं में वृद्धि के साथ यात्रियों की यात्रा अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। इन स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्न कार्य किए जा रहे हैं।

**भव्य प्रवेश द्वार**- यात्रियों के सुगम स्टेशन प्रवेश व निकासी हेतु भव्य प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है साथ ही स्टेशन के भी आकर्षक लगेगा।

**चौडे फुट ओवर ब्रिज**- इस ब्रिज को एयर कांकॉर्स के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि यात्रियों को प्लेटफार्मों पर जाने में अधिक आसानी हो।

**लिफ्ट**- यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की सुविधा दी जा रही है ताकि सभी यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को अधिक आराम मिल सके।

**प्लेटफार्म पर कवर शेड**- बारिश और धूप से बचने के लिए प्लेटफार्मों पर कवर शेड लगाए जा रहे हैं।

**कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम**- यात्रियों को उनकी ट्रेन और कोच की स्थिति के बारे में सटीक जानकारी देने के लिए कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम की स्थापना की जा रही है।

**डिस्प्ले बोर्ड्स और मार्गदर्शन साइनेज**- मॉल्स की तरह, स्टेशनों पर भी दिशा निर्देशों और जानकारी के लिए आधुनिक साइनेज बोर्ड्स लगाए जा रहे हैं ताकि यात्री आसानी से स्टेशन में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सके।

**दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं**- स्टेशनों पर दिव्यांगजनों (दिव्यांग यात्रियों) के लिए विशेष सुविधाओं का भी प्रावधान किया जा रहा है। इन सुविधाओं में रैंप, मार्क पार्किंग और लो हाइट टिकट बुकिंग काउंटर शामिल हैं, जिससे दिव्यांग यात्रियों को बेहतर सहायता मिल सके। साथ ही, प्लेटफार्म पर दिव्यांगजनों के लिए अलग से टॉयलेट, लो हाइट ड्रिंकिंग वाटर बूथ और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्लेटफार्मों पर कोच गाइडेंस सिस्टम, साइनेज, और स्टैंडर्ड टैक्सटाइल गाइड जैसे साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिससे दिव्यांगजनों को ट्रेनों तक पहुँचने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी।

इसके अलावा स्टेशनों में स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी, गार्डन निर्माण कर सौंदर्यीकरण के साथ अन्य यात्री सुविधाओं का विकास व विस्तार, प्रतीक्षालयों का नवीनीकरण, सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये सड़कों को चौड़ा कर सुगम मार्ग बनाना, सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना, बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना, डिजाइनर साइनेजेस, स्टेशन पहुँचने के लिए सुगम मार्ग बनाने जैसे विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

**यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता**- भारतीय रेलवे सदैव अपने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इन पुनर्विकास परियोजनाओं के तहत स्टेशनों को न केवल भौतिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, बल्कि अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय जैसे सीसीटीवी कैमरे और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से यात्रियों के सफर को और अधिक सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

मंडल में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट द्वारा किए जा रहे यह कार्य न केवल रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और आर्थिक वृद्धि में भी सहायक सिद्ध होंगे। अमृत ? ?भारत योजना के तहत बने स्टेशन रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, स्टेशनों की व्यापक भव्यता को दर्शाते है। यह स्टेशन यात्रियों के लिए विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने में भी सक्षम होंगे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



# कलेक्टर ने विद्युत गृह स्कूल में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## केंद्र में मतपेटी वितरण, वापसी,की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिए आवश्यक निर्देश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत होने वाले चुनाव कार्य को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जिले में 17 फरवरी 2025 को होने वाले प्रथम चरण के मतदान अंतर्गत जनपद पंचायत कोरबा हेतु विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरोज महिलांगे, तहसीलदार, रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में चुनावी सामग्री वितरण व वापसी हेतु चिन्हाकिंत स्थल का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए, सभी अधिकारी इस पर वि५ शेष ध्यान दें। उन्होंने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को समय रहते आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया एवं नियुक्त दलों को चुनाव कार्य का पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। सीईओ नाग ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत कोरबा अन्तर्गत मतदान केंद्रों की कुल संख्या 224, कुल सेक्टर की संख्या 21, रूट की संख्या 39, मतदान दलों के परिवहन हेतु बस की संख्या 46 एवं सामग्री वितरण हेतु 16 काउंटर बनाए जाएंगे। मतदान सामग्री, मतपेटी, मतपत्र वितरण एवं वापसी की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदान दलों को दो बार प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही 14 को तीसरे चरण का प्रशिक्षण आयोजित की गई है।

## सामान्य प्रेक्षक ने की समीक्षा, नगर पालिका बलौदाबाजार के 3 मतदान केंद्रों में औसत से कम मतदान

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के लिए नियुक्त प्रेक्षक आईएएस जनक प्रसाद पाठक ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के नगरीय निकायों में संपन्न मतदान की समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकाय में महिला मतदान दलों द्वारा बखूबी से कार्य संपादित करने तथा शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से औसत से कम एवं अधिक मतदान होने वाले मतदान केंद्रों तथा किसी प्रकार की गंभीर शिकायत के सम्बन्ध में जानकारी ली। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के 3 मतदान केंद्रों में औसत से 15 प्रतिशत कम मतदान हुआ है वहीं नगर पंचायत टुंडरा के एक मतदान केंद्र में औसत से अधिक मतदान हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के किसी भी मतदान केंद्र से मतदान सम्बंधित कोई गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुआ है। जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। एनआईसी कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे, डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा एवं दीपक निकुंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय निर्वाचन शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों व राजनीतिक दलों को दी बधाई

### सामूहिक प्रयास से ही अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रो में वोटिंग पर्सेंटेज में आएगी बढ़तः- प्रेक्षक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत कोरबा जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। प्रेक्षक प्रेमलता यादव द्वारा मतदान उपरांत आज आईटी कॉलेज झगरहा में निर्मित स्ट्रांग रूम में सेक्टर अधिकारी के मतपत्र लेखा एवं पीठासीन की डायरी की समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी मनोज बंजारे, एसडीएम व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज महिलांगे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रचा सिंह सहित सभी नगरीय निकायों के रिटर्निंग अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक यादव ने जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन शांतिपूर्ण पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले सभी अधिकारियों एवं राजीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने निकायवार नगरीय क्षेत्रों में हुए मतदान के सम्बंध में रिटर्निंग अधिकारियों से जानकारी ली। सभी नगरीय क्षेत्रों में जिले के औसत मतदान प्रतिशत से कम एवं अधिक हुए मतदान का पोलिंग बूथवार कारणों की समीक्षा की। प्रेक्षक यादव ने निर्वाचन में रही खामियों को साथ मिलकर दूर करने और वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु जागरूकता लाने का प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों को सामूहिक प्रयास करने की बात कही। साथ ही कुसमुंडा, दीपका जैसे कॉलरी इलाको, पब्लिक सेक्टर के एनटीपीसी, सीएसईबी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में समय समय पर डोर टू डोर सर्वे कर मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम जुड़वाने अथवा विलोपित कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में निवासरत अधिकतर लोग केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी है, जो कि सेवा कार्य के दौरान स्थानांतरण अथवा सेवानिवृत्त होने की स्थिति में कॉलोनियों में निवास नही करते। इस हेतु इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहता है। उन्होंने ऐसे सभी क्षेत्रों में समय समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करने की बात कही।

# अधिक मुनाफा कमाने के लालच में रेलवे इंजीनियर ने गंवाये 31 लाख रूपये

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में ठगों ने एक रेलवे इंजीनियर को शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने के नाम पर 31 लाख रूपये का चूना लगा दिया। पीड़ित इंजीनियर की रिपोर्ट पर साईबर रेंज थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे कॉलोनी में रहने वाले अनिल एक्का रेलवे में सहायक कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाली एक युवती ने शेयर बाजार में निवेश और अधिक मुनाफे की बात की। पहले तो अनिल एक्का ने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन युवती की लगातार बातों से वे प्रभावित हो गए और इस निवेश में रुचि लेने लगे। इसके बाद युवती ने उन्हें एक फॉर्म भरवाया और एक लिंक भेजकर एक एप डाउनलोड करने को कहा। एप पर निवेश करने के बाद उन्हें पहले छोटे-छोटे मुनाफे दिखाए गए। धीरे-धीरे उनकी राशि बढ़ती गई, जिससे उनका विश्वास और मजबूत हुआ। एप में कुछ महीनों में ही उन्हें 83 लाख रुपये तक का मुनाफा दिखने लगा। जब उन्होंने इस रकम को निकालने की कोशिश की, तो जालसाजों ने प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 20 लाख रुपये मांगे। इस पर अनिल एक्का ने बैंक से लोन लिया और दोस्तों से उधार लेकर पैसे जमा कर दिए। कुल मिलाकर उन्होंने 31 लाख रुपये इस एप में डाल दिए। लेकिन अचानक एप बंद हो गया और कोई संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद इंजीनियर को ठगे जाने का एहसास हुआ और रेंज साइबर थाने पहुंचकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर रेंज सायबर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नगरीय निकाय चुनाव 2025 की मतदान संवीक्षा प्रक्रिया पूरी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय चुनाव मतदान के दूसरे दिन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मतदान संबंधी संवीक्षा (स्क्रूटनी) सामान्य पर्यवेक्षक जय प्रकाश मौर्य, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई। बैठक में नगरीय निकायों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में संपन्न हुए मतदान में पूर्व के निर्वाचन की अपेक्षा कम या अधिक मतदान होने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता की विस्तार की समीक्षा की गई। सामान्य पर्यवेक्षक मौर्य ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदान प्रक्रिया को लेकर फीडबैक लिया। उनके प्रतिनिधियों ने संतोष जताते हुए बताया कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुए। सामान्य पर्यवेक्षक मौर्य ने चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया के पालन के लिए निर्वाचन टीम को बधाई दी। इस दौरान मौर्य ने 15 फरवरी को होने वाली मतगणना प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू सहित सभी रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री मजुमदार के हाथो संस्कार स्कूल का सम्मान

### प्राचार्या ने लिया एजुकेशन एक्सीलेन्स अवार्ड



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल को भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांता मजुमदार के हाथो एजुकेशन एक्सीलेन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री के हाथो दिल्ली मे शानदार समारोह के दौरान अवार्ड ग्रहण किया। शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा उच्च कोटी की शैक्षणिक गतिविधियां एवं शानदार व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, विभिन्न खेलकूद, मानसिक विकास कार्यक्रम, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने वाली गतिविधियां आदि के चलते संस्कार स्कूल को चयन किया गया। इसमे खास बात यह रही कि ज्यूरी मेंबर के द्वारा एजुकेशनल प्रजेंटेंशन लिया गया। जिसमे संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा द्वारा शानदार प्रस्तुती दी गई। जिसके चलते संस्कार स्कूल को ज्यूरी अवार्ड हेतु चयन कर सम्मानित किया गया। संस्था की इस सफलता पर संपूर्ण प्रबंधन, पालकगण, विद्यार्थिगण, के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए संस्कार स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना की है। केन्द्रीय मंत्री के द्वारा संस्कार स्कूल को ज्यूरी अवार्ड से सम्मानित किया जाना न केवल स्कूल बल्कि पूरे रायगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान पूरे स्टॉफकी मेहनत, पालकगण व जिलेवासियों की दुआएं, विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन आदि के कारण मिला है। हम भविष्य मे भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर से बेहतर शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम जारी रखेंगे। पुरस्कार के लिए पूरे जिले वासियों को बधाई एवं धन्यवाद।

# बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह




**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर '36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह' मनाया।इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेंनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां, कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं। नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें आचनक ब्रेक लगाने, ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवम नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक ड्राइवर, ऑपरेटर एवम 170 से अधिक कर्मचारियों- बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर के आसपास स्कूलों में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगरवासियों ने हिस्सा लिया। बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णतः सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयंत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा। अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सुश्री सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा, ''वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फैसला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।'' कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को श्सुरक्षा संकल्पश् का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सातों नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। नगर पालिका कवर्धा के लिए पीजी कॉलेज में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है।

### अवैध महुआ शराब की तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार

**कसडोल(विश्व परिवार)।** थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार। आरोपी- रोहन बारिक उम्र 28 साल निवासी ग्राम चांदन थाना राजादेवरी। आरोपी शराब कोचिया से ?3000 कीमत मूल्य का 15 लीटर कच्ची महुआ शराब किया गया जप्त। अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्न06 र्त्ं 0503 भी किया गया जप्त। आपरेशन विश्वास के तहत *थाना राजादेवरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही* लगातार जारी है। इसी क्रम में आज *दिनांक 12.02.2025 को थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया* को गिरफ्तार किया गया है। *आरोपी से ?3,000 कीमत मूल्य का 15 लीटर महुआ शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्न06 र्त्ं 0503 जप्त* किया गया है।

### मतदान के दौरान दो पक्षों में हुआ जमकर विवाद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पंडित रविशंकर शुक्ल नगर वार्ड क्रमांक 26 में मतदान के दौरान काफी माहौल तनाव पूर्ण हो गया जब दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ, और हाथापाई की नौबत तक आ गई। जानकारी के मुताबिक चुनाव लड़ रहे हैं दो पक्षों में मतदान को लेकर विवाद हुआ और जमकर हाथापाई हुई, हाथापाई और विवाद की स्थिति की जानकारी लगत ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और माहौल शांत करा कर सुरक्षित और शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया को जारी रखा।

### अवैध महुआ शराब ले जाते हुए एक व्यक्ती गिरफ्तार

**सोनाखान(विश्व परिवार)।** आपरेशन विश्वास के तहत चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज *दिनांक 11.02.2025 को चौकी सोनाखान की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध महुआ शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया* को गिरफ्तार किया गया है। *आरोपी से ?7,000 कीमत मूल्य का 35 लीटर महुआ शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल छ्त्न22 ऋ157 जप्त* किया गया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी सोनाखान में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पहली बार वोट डालकर उत्साहित हुई आंचल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत कोरबा जिले में लोकतंत्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मोतीसागर पारा निवासी 19 वर्षीय आंचल रोहिदास के लिए यह चुनाव खास रहा, क्योंकि उन्होंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ईवीएम मशीन से अपने पसंदीदा प्रत्याशी के लिए वोट डालने के बाद आंचल के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। पहली बार शहर की सरकार चुनने के इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर मैं बहुत खुश हूं। आंचल ने युवाओं से अपील की कि वे भी मतदान के प्रति जागरूक हों और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा, युवा देश का भविष्य हैं, और उन्हें अपने अधिकार का उपयोग करते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

## एआई के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा भारत : ग्लोबल टेक लीडर्स

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योगों और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप को फिर से परिभाषित कर रहा है। साथ ही भारत इस क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। यह बयान पेरिस में चल रही एआई एक्शन समिट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा दिए गए। एआई एक्शन समिट का तीसरा संस्करण एआई गवर्नेंस के लेकर वैश्विक संवादों की सीरीज में लेटेस्ट है और इसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई क्षमता से अवगत हैं। ओपनएआई के सीईओ, सैम ऑल्टमैन ने कहा, भारत एआई का एक बड़ा बाजार है। साथ ही हमारी कंपनी के लिए दूसरी सबसे बड़ी मार्केट है। बीते एक वर्ष में यहां हमारे यूजर्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है। उन्होंने आगे कहा, भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं। एआई क्रांति में भारत को एक लीडर के रूप में उभरना चाहिए। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है। ग्लोबल टेक लीडर्स ने बताया कि अच्छा टैलेंट पूल और एआई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने के कारण भारत एआई इनोवेशन, विकास और उसे लागू करने में तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने कहा, भारत इंडिक भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव ला सकता है। साथ ही कहा, देश में एआई के क्षेत्र में बड़ा काम करने के लिए गणित प्रतिभा, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान संस्थान हैं। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने भारत से अपनी खुद की एआई का निर्माण करने का आग्रह किया। हुआंग ने कहा कि देश में अगली पीढ़ी एआई डिलीवरी के लिए बैक-ऑफिस होगी। आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा के अनुसार, भारत में विशाल जनसंख्या और डेटा वेल्थ एआई परिदृश्य में एक अद्वितीय लाभ बनाने में मदद करेगी। बॉश टेक कंपास सर्वे 2025 के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने एआई-संबंधित स्किल में सक्रिय रूप से स्व-शिक्षा प्राप्त की है। एमेरिटस ग्लोबल वर्कप्लेस स्किल्स स्टडी 2025 के मुताबिक, भारत की एआई अपनाने की दर विश्व स्तर पर सबसे अधिक है, पेशेवर करियर की सफलता के लिए एआई स्किल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, रियल्टी शेयरों में बिकवाली

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के साथ खुला। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9ः33 बजे, सेंसेक्स 428 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,864 और निफ्टी 130 अंक या 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,958 पर था। बिकवाली का सबसे अधिक दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में देखने को मिल रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 904 अंक या 1.78 प्रतिशत गिरकर 49,983 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 341 अंक या 2.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,728 पर था।निफ्टी के रियल्टी इंडेक्स में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी जा रही है। ऑटो, फार्मा, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट बनी हुई है केवल आईटी इंडेक्स ही हरे निशान में बना हुआ है। बाजार का रुझान नकारात्मक है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 338 शेयर हरे निशान में और 1977 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एचयूएल, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, जोमैटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, एशियन पेंट्स और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। एशिया के ज्यादातर बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। टोक्यो, बैंकॉक, सियोल, हांगकांग और जकार्ता के बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। केवल शंघाई के बाजारों में सपाट बने हुए हैं। कच्चे तेल में गिरावट बनी हुई है। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.75 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73.06 डॉलर प्रति बैरल पर है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा बिकवाली जारी है। एफआईआई की ओर से मंगलवार को 4,486 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई थी।

## मस्क ने 84 हजार करोड़ में ओपन एआई खरीदने का दिया ऑफर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ह्रश्वद्गठ्ठ्र को खरीदने का प्लान बना रहे है। जिसके लिए उन्होंने कंपनी को 9.74 बिलियन डॉलर (करीब 84 हजार 600 करोड़ रुपए) में खरीदने के आफर भी दिया है। मस्क की ठ्ठ कंपनी ह्वद्ब के साथ-साथ वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, बैरन कैपिटल जैसे इन्वेस्टर्स ने ये ऑफर दिया है। लेकिन, मस्क के हाथ निराशा तब हाथ लगी जब कंपनी ने उनका आफर ठुकरा दिया। कंपनी की सीईओ ने मस्क को यहां तक कह डाला कि अगर आपको ट्विटर बेचना है तो बताइएगा। मस्क के ऑफर को ठुकराते हुए ह्रश्वद्गठ्ठ्र ष्टश्वह्र सैम ऑल्टमैन ने ङ्ग पोस्ट में कहा- नो थैंक्यू, अगर आप (मस्क) चाहें तो हम ट्विटर (अब ङ्ग) को 9.74 बिलियन डॉलर (करीब 84 हजार 600 करोड़ रुपए) में खरीद लेंगे। इसके जवाब में मस्क ने ऑल्टमैन को स्कैम ऑल्टमैन कहा। मस्क ने कहा, ओपनएआई के लिए ओपन-सोर्स, सेफ्टी-फोकस्ड फोर्स पर लौटने का समय आ गया है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा हो। मस्क इस अधिग्रहण के जरिए ओपनएआई को फिर से एक नॉन-प्रॉफिट रिसर्च लैब बनाना चाहते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, ये ऑफर मस्क के वकील मार्क टोबेरॉफ के जरिए सोमवार को ओपनएआई के बोर्ड को दिया गया है। बता दें कि 2015 में इलॉन मस्क और सैम ऑल्टमैन ने 9 अन्य लोगों के साथ मिलकर ओपनएआई की स्थापना की थी, लेकिन 2018 में मस्क इससे अलग हो गए। 2023 में मस्क ने ओपनएआई के कॉम्पिटिटर ठ्ठ स्टार्टअप ह्वद्ब की शुरुआत की थी। 2024 में, मस्क ने ओपनएआई और कुछ अधिकारियों पर अनुबंध उल्लंघन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था और कहा था कि ह्रश्वद्गठ्ठ्र ने अपने नॉन-प्रॉफिट सिद्धांतों को छोड़ दिया है और अब एक कॉमर्शियल वेंचर की तरह काम कर रही है।



## मुंबई इंडियंस और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को बड़ा झटका, अल्लाह गजनफर दोनों टूर्नामेंट से बाहर

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस (एमआई) को बड़ा झटका लगा है। युवा स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। अब गजनफर 4 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इस युवा सनसनी को 4.80 करोड़ रुपये में एमआई ने नीलामी के दौरान खरीदा था। यह खिलाड़ी सफेद गेंद की क्रिकेट में कमाल के फॉर्म में था। गजनफर एक फिंगर-स्पिनर हैं और अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता रखते है। उन्होंने अब तक 11 वनडे मैच खेले हैं और इसकी 11 पारियों में 13.57 की उम्दा औसत के साथ 21 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 4.05 की रही है। उन्होंने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है। टी-20 क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने 19 मैच में 13.50 की औसत से 30 विकेट लिए हैं। गजनफर की जगह रिजर्व खिलाड़ियों का हिस्सा रहे नांग्याल खारोटे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुख्य टीम में शामिल किया गया है। इस खिलाड़ी ने अब तक 7 वनडे मुकाबले खेले हैं औ 16.54 की औसत से 11 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनकी इकॉनमी रेट 16.54 की रही है। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/26 का रहा है। खारोटी जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी में भी अपना योगदान दे सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान की टीमः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नाईब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खारोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान। रिजर्व खिलाड़ीः दरविश रसूली, बिलाल सामी। यह पहला मौका है जब अफगानिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएगी। वनडे विश्व कप 2023 में इस टीम का प्रदर्शन कमाल का रहा था। अफगानिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने अभियान शुरू करेगी। यह मुकाबला 21 फरवरी को होगा। इसके बाद टीम की भिड़ंत इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को होगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अफगानिस्तान अपना आखिरी ग्रुप मैच 28 फरवरी को खेलेगा।

## गोल्ड हो गया आज इतना सस्ता टॉप लेवल से उतरा नीचे

**मुंबई( एजेंसी ) ।** हर रोज नए रिकॉर्ड के झंडे गाड़ने वाला सोना अपने ऑल टाइम हाई कीमत 88,500 से नीचे उतर आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सात दिनों से चली आ रही तेजी पर विराम लगाते हुए 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। पीटीआई की खबर के मुताबिक, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये की गिरावट के साथ 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसकी कीमत 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की गिरावट के साथ 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसकी कीमत 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने के साथ-साथ चांदी भी लगातार महंगी होती चली गई है। व्यापारियों ने कहा कि फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की कांग्रेस के समक्ष गवाही से पहले सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिस पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के भविष्य के ब्याज दर-कटौती मार्ग के बारे में जानकारी के लिए बारीकी से नजर रखी जाएगी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोना बीते 10 फरवरी को 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले सात सत्रों में सोना 5,660 रुपये या 6.8 प्रतिशत चढ़ा था। इस साल पीली धातु 8,910 रुपये या 11.22 प्रतिशत बढ़ी है। एमसीएक्स पर अप्रैल डिलीवरी के लिए सोना वायदा 333 रुपये घटकर 85,483 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिन के दौरान पीली धातु वायदा 86,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।


## ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। उनके स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया है। श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद उनकी रिपोर्ट की गई थी। कुहनेमन को अब 3 सप्ताह के भीतर अनिवार्य परीक्षण से गुजरना होगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है या नहीं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 2-0 से जीत मिली थी। एक बायोमैकेनिस्ट स्पिनर के एक्शन का विश्लेषण करेगा और निष्कर्षों की रिपोर्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) को देगा। आईसीसी के नियमों के अनुसार, गेंदबाजी एक्शन को तब अवैध माना जाता है जब गेंदबाज की कोहनी 15 डिग्री से ज्यादा फैलती है। यह भी माना जा रहा है कि कुहनेमन तब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे जब तक कि उनकी गेंदबाजी एक्शन को मंजूरी नहीं मिल जाएगी। हालांकि, वह ऑस्ट्रेलिया के घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड खेल सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा, हमारी टीम को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद मैच अधिकारियों ने रेफरल के बारे में सूचित किया था। हम इस मामले को निपटाने की प्रक्रिया में कुहनेमन का समर्थन करेंगे। उन्होंने आगे कहा, कुहनेमन ने 2017 में डेब्यू किया था और वह 124 पेशेवर मैच खेले हैं, जिसमें 5 टेस्ट मैच और 4 वनडे भी है। इन 8 सालों में यह पहली बार है जब उनके एक्शन पर सवाल उठाया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आईसीसी के नियमों के अनुरूप उनके स्वतंत्र विशेषज्ञों के साथ निकट संपर्क बनाए रखेगा।

## ब्लैक बॉक्स को तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 56 करोड़ का शुद्ध मुनाफा, साल-दर-साल 37 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एस्सार समूह की टेक्नोलॉजी कंपनी ब्लैक बॉक्स ने मंगलवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 56 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 144 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध मुनाफे के मार्जिन में 1.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह तीसरी तिमाही में 3.7 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने के लिए शुद्ध मुनाफे का मार्जिन 1.3 प्रतिशत बढ़कर 3.3 प्रतिशत हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि बेहतर परिचालन प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, विशेष मदों में खर्च




बढ़ने के बावजूद मुनाफा बढ़ा है। तीसरी तिमाही के लिए राजस्व 1,502 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि (वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही) में यह 1,655 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने के लिए राजस्व पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4,801 करोड़ रुपये की तुलना में 4,422 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के कुछ बड़े ग्राहकों के साथ निर्णय लेने में देरी के परिणामस्वरूप ऑर्डर बुक में कमी के कारण राजस्व मुख्य रूप से प्रभावित हुआ। साथ ही, कंपनी की टेल कस्टमर्स (छोटे ग्राहकों) के साथ कारोबार बंद करने की रणनीति का असर भी देखा गया। हालांकि, हाइपरस्केलर्स (बड़े डाटा सेंटर) सहित उद्योग के सभी क्षेत्रों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कंपनी की पाइपलाइन लगातार बढ़ रही है, जिससे ब्लैक बॉक्स निरंतर विकास और बाजार नेतृत्व के लिए तैयार है। कंपनी ने कहा कि दिसंबर 2024 तक ऑर्डर बुक 46.5 करोड़ डॉलर (लगभग 3,900 करोड़ रुपये) थी। अग्रणी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर समाधान प्रदाता का तीसरी तिमाही में ईबीआईटीडीए 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 134 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले तीन महीने की अवधि के लिए ईबीआईटीडीए में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 384 करोड़ रुपये रहा। तीसरी तिमाही में ईबीआईटीडीए मार्जिन में 1.30 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 8.9 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने की अवधि के लिए यह 2.30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.7 प्रतिशत रहा।

## श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया: चरिथ असलंका ने जड़ा वनडे करियर का चौथा शतक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के कप्तान चरिथ असलंका ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बुधवार को 2 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है। यह उनके वनडे करियर का चौथा शतक रहा, जिसे उन्होंने 112 गेंदों में पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस खिलाड़ी का यह दूसरा शतक है। उनकी पारी की बदौलत ही श्रीलंका नियमित अंतराल में लग रहे झटकों से उबर पाई। उनकी पारी और आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं। असलंका नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए थे। 55 रन तक श्रीलंका के 5 बल्लेबाज पवेलियन में थे। यहां से उन्होंने पारी संभाली और दुनिथ वेल्लालागे के साथ मिलकर 69 गेंदों में 77 रन जोड़े। उन्होंने स्थिति को समझते हुए पहले क्रीज पर बिताया और उसके बाद रन बनाने की गति तेज की। उन्हें छोड़कर श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का केवल असलंका ने डटकर सामना किया।

## शब्द सामर्थ्य -325

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक का वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही का राजस्व 49 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 700 करोड़ रुपये तक पहुँचा

**नईदिल्ली।** आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने समेकित परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने 49 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 700 करोड़ रुपये से अधिक का त्रैमासिक राजस्व दर्ज किया है। बैंक का शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 18.5 करोड़ रुपये रहा। EBITD में 66 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि हुई और यह वित्तवर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 87 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस तिमाही के दौरान बैंक के मासिक विनिमय करने वाले यूज़र्स (MTU) 62 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 100 मिलियन से ज्यादा थे। वार्षिक सकल मर्चेंडाईज़ वैल्यू (GMV) 4,000 करोड़ रुपये के करीब पहुँच गई, जिससे प्रदर्शित होता है कि लोगों द्वारा बैंक के डिजिटल बचत खाते, मर्चेंट प्रस्तावों और अन्य उत्पादों को अपनाए जाने में वृद्धि हो रही है। ग्राहकों के बैलेंस में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई और यह 42 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि के साथ 3,332 करोड़ रुपये को पार कर गया। इस वृद्धि में एयरटेल पेमेंट्स बैंक की डिजिटल पेशकशों को मजबूती से अपनाए जाने से मदद मिली। अपने दैनिक लेन-देन के लिए ज्यादा ग्राहक सुरक्षित डिजिटल खाते को चुन रहे हैं। यह बैंक क्व2क्क अर्बन ट्रांज़िट सेगमेंट में भी सबसे आगे है, जो आज तक 1.7 मिलियन से अधिक RuPay NCMC enabled कार्ड जारी कर चुका है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

## चित्रकूट महोत्सव 2025 का आयोजन फरवरी माह में

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर जिले में चित्रकूट महोत्सव 2025 का आयोजन 24 से 25 फरवरी 2025 तक सम्भावित है। इस महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में इच्छुक कलाकार 1 से 2 मिनट के वीडियो के माध्यम से अपनी प्रस्तुति साझा कर सकते हैं। प्राप्त वीडियो का चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके पश्चात चयनित प्रतिभागियों को महोत्सव में प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जाएगा।



# दीक्षार्थी 5 भाईयों की बिनौली एवं गोद भराई कार्यक्रम फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर में सानंद सम्पन्न

### आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के करकमलों द्वारा सिरसाड मुंबई में 2 मार्च को प्रदाय की जाएंगी जैनेश्वरी दीक्षा







**रायपुर (विश्व परिवार)।** चर्या शिरोमणि परमपूज्य गुरुवर आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महामुनिराज के करकमलों से सिरसाड मुंबई में 2 मार्च 2025 को भव्य जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की जाएगी। दीक्षार्थी भाईयों की दीक्षा पर बिनौली एवं गोद भराई का कार्यक्रम पूरे देश मे आनंदपूर्वक संपन्न हो रहा है इसी कड़ी रायपुर के फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर में माघ पूर्णिमा दिन बुधवार को दीक्षार्थी 5 भाई राजिम होते हुए दोपहर 2 बजे रायपुर पहुंचे जहां सर्वप्रथम श्री दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह में दीक्षार्थी भाइयों ने श्री जिनेंद्र भगवान के दर्शन किये एवं सभी दीक्षार्थी भाइयों को हल्दी एवं मेहंदी लगाई गई जिसमें समाजनो ने बड़े ही उत्साह पूर्वक दीक्षा की अनुमोदना की तत्पश्चात दीक्षार्थी भाइयों के शुद्ध भोजन कराने का सौभाग्य दानवीर श्री सुधीर कुमार जी, रितेश कुमार जी, मितेश कुमार जी, अरिहंत बाकलीवाल परिवार को उनके निवास स्थान पर प्राप्त हुआ तथा उनकी गोद भराई एवं सम्मान करने का मंगल अवसर भी प्राप्त हुआ।

संध्या काल 7:30 बजे सभी दीक्षार्थी भाईयों की बिनौली गाजे बाजे के साथ बाकलीवाल निवास से श्री दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह तक निकाली गई जहां स्वाध्याय भवन पहुंचने पर पंचायत समिति द्वारा उनकी अगवानी की गई व उन्हें मंच पर विराजमान किया गया समिति द्वारा सभी भाइयों का तिलक लगाकर, मुकुट एवम् माला पहना कर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के निर्देशक ब्रहमचारी अक्षय भैया मुंबई ने दीक्षार्थी भाईयो का परिचय देते हुए सविनय निवेदन किया गया की वे सब अपने बारे में बताए कि उनके जीवन में वैराग्य कैसे उमड़ पड़ा। सभी भाइयों ने अपने जीवन में धर्म का प्रवेश कैसे हुआ और वैराग्य का बीज कैसे जगा इस पर अपने प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जन समूह को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी भाइयों की गोद भराई प्रारंभ हुई जिसमें रायपुर के विभिन्न स्थानों से पधारें श्रावक श्राविकाओं ने दीक्षार्थियों की गोद भराई कार्यक्रम सम्पन्न किया एवं दीक्षा की अनुमोदना की।

**दीक्षार्थियो में बाल ब्रह्मचारी अंकुर भैया जी नागौर, बाल ब्रहमचारी मयंक भैया जी गोंदिया, ब्रहमचारी गणेशी लाल जी गुनौर, ब्रहमचारी यशवंत भैया जी रामगढ़, ब्रहमचारी अनिल भैया जी गुवाहाटी उपस्थित थे।**

कार्यक्रम का संचालन पंडित अजीत शास्त्री जी द्वारा किया गया आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्री खंडेलवाल दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह के अध्यक्ष श्री अरविंद जैन बड़जात्या, कोषाध्यक्ष श्री पवन जैन रारा, महामंत्री श्री सुरेश जैन पाटनी, श्री प्रदीप जैन पाटनी, श्री दिनेश जैन काला, श्री आलोक जैन बाकलीवाल, श्री राहुल जैन आदि ने अपना योगदान दिया। -**प्रियेश जैन**

# ऑटो एक्सपो के अंतिम दो दिन, ले सकते हैं बड़ी बचत का फायदा

### आरटीओ रिबेट 85 करोड़ व जीएसटी प्लस सीईएस रेवेन्यू 750 करोड़, एक्सपो के सहयोगियों का आज होगा सम्मान

**वाहनों की बिक्री का कुल आंकड़ा पहुंचा 23,155**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दो दिन यदि ले लिया महाबचत का लाभ तब तो ठीक, नहीं तो अगले एक्सपो तक करना होगा इंतजार, भले ही ऑटोमोबाइल्स डीलर्स और कंपनी साल भर आफर या छूट रूटीन में देगें वो अलग बात हैं, लेकिन ऑटो एक्सपो में जो बड़ी छूट पाने का मौका है,वह चूक जायेगा। इसलिए दो दिन और यानि 15 फरवरी तक ऑटो एक्सपो में किसी भी प्रकार की वाहन खरीदी कर फायदा उठा सकते हैं। आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट के चलते औसतन आठ से दस और बारह फीसदी का लाभ मिल रहा है। हालांकि अभी तक पिछले एक्सपो की तुलना में दोगुने से ज्यादा का कारोबार हो चुका है। व्हीकल्स बायर्स भी इस चीज को समझ रहे हैं इसलिए 12 फरवरी को एक बार फिर 1221 वाहनों की बिक्री हो गई जिससे कुल बिक्री का आंकड़ा 23,155 पहुंच गया। इसलिए उम्मीद जतायी जा रही है कि समापन तक यह ग्राफ 25 हजार पार हो जायेगा। इस शानदार बिक्री के चलते आरटीओ को 85 करोड़ का रिबेट अब तक मिल चुका है वहीं जीएसटी प्लस सीईएस रेवेन्यू 750 करोड़ तक मिल चुका है। जो एक बड़ी उपलब्धि है।

राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि ऑटो एक्सपो 2025 के आयोजन में सहभागी रहे सभी स्टॉल होल्डर्स, कंपनी प्रतिनिधि, स्पांशर,को-स्पाशंर, शासकीय विभाग व राडा मेंबर्स फेमिली के साथ परोक्ष व अपरोक्ष रूप से सहयोगी रहे सभी का मोमेंटो देकर कल एक संक्षिप्त समारोह में सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही स्टेज प्रोग्राम का कल समापन हो जायेगा। हालांकि एक्सपो में वाहनों की बिक्री व आरटीओ का रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 15 फरवरी की रात तक अपने नियमित शेड्यूल के मुताबिक ही रहेगी। सम्मान का यह कार्यक्रम 14 फरवरी को इसलिए कर रहे हैं क्योंकि अंतिम कार्यदिवस पर ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचेंगे इसलिए उनको वाहन की खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी न हो। राडा के पदाधिकारियों ने बताया कि शहरी ही नहीं बल्कि रूरल एरिया से भी अच्छी खासी संख्या में वाहन खरीदने के लिए लोग पहुंचे। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की राशि व बोनस प्रदान कर दिए जाने से इस वर्ग के लोगों ने भी अपने जरूरत की वाहनें खरीदी की।

गुरुवार को भी काफी अच्छी संख्या में वाहन खरीदी करने के लिए बायर्स पहुंचे। दोपहिया व कार के प्रति रूझान ज्यादा ही रहा इसलिए हर वर्ग में यह व्हीकल्स अब रोजमर्रा की उपयोगिता में शामिल हो चुके हैं। स्कूटी से आडी तक उपलब्धता एक्सपो में रही। लोग इस बात भी राहत महसूस कर रहे थे कि आसान शर्तों पर उन्हे वहीं फाइनेंस की सुविधा भी मिल जा रही थी।

# चेंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कल चेंबर प्रतिनिधिमंडल द्वारा चेंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी को नवीन मतदान केंद्र बनाने हेतु ज्ञापन सोपा गया। प्रतिनिधि मंडल ने यह बताया कि चेंबर चुनाव को सुगम बनाने को दृष्टिगत रखते हुए रायपुर जिला, भिलाई जिला, दुर्ग जिला, राजनांदगांव जिला, बिलासपुर जिला, रायगढ़ जिला, सरगुजा जिला, महेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला, महासमुंद जिला, धमतरी जिला एवं दंतेवाड़ा जिला में मतदान करवाने का निर्णय लिया गया था। तत्संबंधी चुनावी मार्गनिर्देशिका सहायक चुनाव अधिकारी श्री प्रकाश गोलछा जी को दे दी गई थी।

# शूटिंग के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान

### छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल संघ ने दी परमपाल को बधाई




**रायपुर (विश्व परिवार)।** 28 जनवरी से उत्तराखंड में शुरू हुए 38वें राष्ट्रीय खेल में 12 फरवरी का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक रहा, जहां छत्तीसगढ़ के परमपाल सिंह ने निशानेबाजी के स्किट व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक पर कब्जा जमाया। देहरादून के रुद्रपुर में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के परमपाल ने पुरुष वर्ग के स्किट इवेंट में 51 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक अपने नाम दर्ज कराया।

बता दे कि छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल संघ द्वारा किया गया था जिसमें सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा, एसोसिएशन से चयनित सभी खिलाड़ियों का चयन पिछले रिकॉर्ड के आधार हासिल स्कोर एवं सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग द्वारा किया गया था। परमपाल पिछले 22वर्षों से शूटिंग करते आ रहे हैं, उन्होंने इससे पहले भी कई नेशनल गेम्स में कई मेडल अपने नाम किए हैं। नेशनल गेम्स झारखंड 2011 में गोल्ड, नेशनल गेम्स केरला में कांस्य पदक हासिल कर चुके हैं। और अब छत्तीसगढ़ के लिए शूटिंग में सिल्वर पदक हासिल कर छ.ग. के शूटर्स के लिए भी एक मिसाल कायम किया हैं, इस जीत के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश रायफल संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी हैं।

# इंडियन ओवरसीज बैंक रायपुर शाखा ने 'प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठ' के दृष्टिहीन बच्चों के साथ मनाया 89वॉ स्थापना दिवस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने बैंक का 89वाँ स्थापना दिवस नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की रायपुर शाखा 'प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम' के दृष्टिहीन बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक ने बच्चों द्वारा केक कटवाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बैंक द्वारा सभी बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं सभी विजेताओं तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इसके साथ ही कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इंडियन ओवरसीज बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख श्री गौरी शंकर नायक द्वारा प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के बच्चों के लिए म्यूजिक सिस्टम एवं डेस्कटॉप कंप्यूटर सेट भेंट स्वरूप प्रदान किया और बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस मौके पर युवा संस्था रायपुर के संस्थापक श्री एम.राजीव (अधीक्षक,जीएसटी) मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे एवं उन्होंने अपने आशीर्वचनों से सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु जल्द ही दृष्टिहीन बच्चों को समर्पित युवा रायपुर की नई शाखा खोलने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के अंत में इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री राजेश कुमार यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के पदाधिकारी श्री अनिल कुचेरिया (अध्यक्ष), डॉ.श्री राकेश कामरान (सचिव), श्री संजीव बसंत हुददार (कोषाध्यक्ष), एवं श्री वी वाय तिवारी (संयुक्त सचिव) के साथ ही कार्यक्रम की संचालिका सुश्री शिवलता जी को धन्यवाद ज्ञापित किया व श्री अजय कुमार, श्री अमित तिग्गा एवं श्री दोहित शिवहरे भी उपस्थित रहे। साथ ही नया रायपुर शाखा का सॉफ्ट लॉंच इंडियन ओवरसीज बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख श्री गौरी शंकर नायक जी के द्वारा किया गया एवं ग्राहकों के लिय हेल्थ चेकअप कैंप भी आयोजित कर 89वाँ स्थापना दिवस रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मनाया गया।

# श्री दावड़ा विवि में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'डीयू इग्नाइट' प्रारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री दावड़ा विश्वविद्यालय का बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ शुरू हुआ। भव्य उद्घाटन समारोह में प्रोजेक्ट हेड श्री मस्तराम, विवि कुलसचिव कुमार श्वेताभ, मुख्यपरीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर और प्रोफेसर डॉ. एमपी गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक भावना प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

महोत्सव की शुरुआत दो छात्र टीमों, टीम कर्ण और टीम अर्जुन के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच के साथ हुई। मैच में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। टीम अर्जुन ने पारी की शुरुआत करते हुए धुआधार 168 रनों का विशाल स्कोर 10 ओवरों में खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम कर्ण की शुरुआत खराब रही लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों में टीम के प्रदर्शन को सम्हालते हुए पारी की अंतिम गेंद में छक्का जड़कर मैंच अपने नाम किया। दोनों टीमों ने उल्लेखनीय प्रतिभा और टीम वर्क का प्रदर्शन किया, जिसने आने वाले दिनों में होने वाले रोमांचक खेल आयोजनों के लिए माहौल तैयार कर दिया।

पहले दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिता, दौड़ 100 एवं 200 मीटर, कैरम, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज खेलों के कार्यक्रमों ने छात्रों के बीच जोश और उत्साह को बनाए रखा। महोत्सव का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।

# पीएनबी एमएसएमई आउटरीच का भव्य आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, रायपुर द्वारा दिनांक 13 फरवरी 2025 को होटल उत्सव इन, मेक इन इंडिया चौक, तेलीबांधा रायपुर में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीया श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा (आईआरएस) संस्थागत वित्त निदेशालय, छत्तीसगढ़ सरकार, रायपुर के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक माननीय श्री आदित्य कुमार पाधी एवं अंचल प्रबंधक, रायपुर श्री आशीष चतुर्वेदी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे। रायपुर के अलावा दुर्ग, धमतरी, राजनांदगाँव में भी पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा जी ने कहा कि पीएनबी की ओर से यह एक अच्छी पहल है जहाँ एक ही छत के नीचे रायपुर के उद्यमियों को इतनी सारी ऋण सुविधाओं के साथ अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण और व्यापार वृद्धि में तेजी लाने के लिए सरकार समर्थित योजनाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है। उन्होंने इस आयोजन की अत्यंत सराहना की और कहा कि पीएनबी जैसे बड़े बैंक को उस प्रकार के आयोजन करते रहने चाहिए।

श्री आदित्य कुमार पाधी जी ने बताया कि पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अनुकूलित वित्तीय समाधान, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और त्वरित वितरण के साथ समर्थन और सशक्त बनाना है। एक दिवसीय कार्यक्रम में एमएसएमई उद्यमी, वित्तीय विशेषज्ञ एक साथ आएंगे, तथा उन्हें अनुकूलित ऋण समाधान, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें, डिजिटल बैंकिंग उपकरण जैसी अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रदान कराना है। उपस्थित ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र, पीएनबी बैंकिंग विशेषज्ञों के साथ आमने-सामने परामर्श और प्रमुख उद्योग हितधारकों के साथ नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पात्र ग्राहक पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस, पीएनबी ट्रेड ग्रोथ आदि जैसी नकदी प्रवाह आधारित योजनाओं में सैद्धांतिक मंजूरी भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम स्थल पर समर्पित डिजिटल टैब उपस्थित लोगों को तुरंत डिजी एमएसएमई ऋण तक पहुंचने में सक्षम करेगा, जिससे स्वीकृति प्रक्रिया तेज और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

पीएनबी अंचल कार्यालय रायपुर के अंचल प्रबंधक श्री आशीष चतुर्वेदी जी ने कहा कि पीएनबी का उद्देश्य रायपुर के उद्यमियों को अपने व्यसाय हेतु विशेष एमएमएमई ऋण उत्पादों और योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है साथ ही पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस और पीएनबी ट्रेड ग्रोथ जैसी एमएसएमई ऋण योजनाओं के लिए तुरंत स्वीकृति पत्र प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में व्यापारियों को 10 लाख से 100 करोड़ तक का लोन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक कई तरह की स्स्स्ध ऋण योजना प्रदान करता है। इनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, बुनकर मुद्रा योजना, और MSME प्राइम प्लस शामिल हैं।

# लोको एवं लोको शेड बने मील के पत्थर, रेल परिचालन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे

**इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई**

**इलेक्ट्रिक लोको शेड, बिलासपुर**

**डीजल लोको शेड, रायपुर**



**रायपुर/ बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने भारतीय रेलवे के भीतर यात्री एवं माल परिवहन के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक विकास एवं सामाजिक सहभागिता की ज़िम्मेदारी को साथ साथ निभाते हुये दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने प्रगति के पथ पर अपनी यात्रा अनवरत जारी रखी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने इतिहास में सबसे तेज़ गति से सिर्फ़ 295 दिनों में 200 मिलियन टन माल लोड करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण सुधार है, जो परिचालन और उत्पाद संबंधी प्रगति को दर्शाता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 316 दिनों में माल ढुलाई राजस्व में 25,000 करोड़ रुपए भी हासिल किए, जो पिछले साल की तुलना में 19 दिन पहले है, जो 6.76 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो सभी भारतीय रेलवे ज़ोन में सबसे अधिक वृद्धि है। यह राजस्व कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट और उर्वरक जैसी प्रमुख वस्तुओं के परिवहन से आता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इन मील के पत्थरों को हासिल करने में सफलता इसके लोकोशेड द्वारा प्रबंधित मजबूत लोकोमोटिव रखरखाव प्रणाली के बिना संभव नहीं होती। समय पर रखरखाव और लोकोमोटिव के कुशल उपयोग ने मालगाड़ियों के लिए लोकोमोटिव की विश्वसनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे डाउनटाइम में कमी आई, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को माल ढुलाई के लिए इंजनों की निरंतर आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिली।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीन शेडों में 696 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव रखे गए हैं, जो इसके माल ढुलाई परिचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं- इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई। इलेक्ट्रिक लोको शेड, बिलासपुर। डीजल लोको शेड, रायपुर।

इस विशाल बेड़े का समय पर रखरखाव सुनिश्चित करता है कि लोकोमोटिव इष्टतम कार्यशील स्थिति में रहें, जिससे देरी और ब्रेकडाउन कम हो। लोकोमोटिव रखरखाव रणनीतियों में लगातार सुधार करके, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल गाड़ियों के लिए आवश्यक संख्या में लोकोमोटिव को ऑनलाइन बनाए रखा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि माल यातायात बिना किसी रुकावट के प्रबंधित किया जा सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लोकोमोटिव परिचालन की सफलता में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक 11 नवंबर, 2022 को इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में स्थापित एक अनूठा उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354